भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या– 3631

दिनांक 13.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए पारदर्शी वीजा प्रक्रिया

3631. श्री राजकुमार रोत

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय नागरिकों के लिए रोजगार/कार्य वीज़ा हेतु निर्धारित शुल्क का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में प्रासंगिक नियम/प्रावधान क्या हैं तथा वर्तमान में विदेशों में कार्यरत भारतीय श्रमिकों की देश-वार संख्या कितनी है;
(ख) क्या अभिकर्ता/भर्ती एजेंसियां रोजगार के लिए विदेश जाने वाले भारतीय नागरिकों से निर्धारित वीज़ा शुल्क में कई गुना अधिक राशि वसूलती हैं और यदि हाँ, तो विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसे कितने मामले सामने आए हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है; और
(ग) क्या सरकार संबंधित देशों के समन्वय से रोजगार वीजा प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी, शुल्क विनियमित और ऑनलाइन निगरानी पर आधारित बनाने के लिए कोई पहल कर रही है और यदि हां, तो इसे कब तक लागू किया जाना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्गेरिटा)

(क से ग) भारतीय नागरिकों के संबंध में रोजगार वीजा और वीजा शुल्क के लिए नियम / प्रावधान तैयार करना संबंधित देशों का संप्रभु मामला है। तथापि, वीजा से संबंधित मामले, जिसमें विशेष रूप से यात्रा सुविधा बेहतर बनाने और भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए अभीष्ट वीज़ा नीतियाँ शामिल हैं, भारत सरकार द्वारा द्विपक्षीय तंत्र के माध्यम से उठाए जाते हैं। इसमें अन्य सरकारों के साथ कोंसली संवाद और उच्च स्तरीय यात्राएं भी शामिल हैं।

रोजगार / कार्य वीजा शुल्क का विवरण वीजा आवेदकों को आवेदन के समय संबंधित देशों के प्राधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाता है और यह भारत में स्थित संबंधित देशों के दूतावास/ कोंसलावास की वेबसाइटों पर सार्वजनिक डोमेन के रूप में भी उपलब्ध है।

विदेश मंत्रालय ई-माइग्रेट पोर्टल के माध्यम से किसी भी अधिसूचित ईसीआर देशों में रोजगार के लिए जाने वाले, उत्प्रवासन जांच अपेक्षित (ईसीआर) पासपोर्ट धारक भारतीय कामगारों के डाटा का अनुरक्षण करता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान दी गई उत्प्रवासन अनापति (ईसी) की संख्या के संबंध में वर्षवार डाटा **अनुबंध-क** में दिया गया है

अनुबंध-क

2021-2025 के दौरान जारी उत्प्रवासन अनापत्ति (ईसी)					
देश	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**2025**
बहरीन	6382	10232	7376	8607	6827
इंडोनेशिया	0	3	0	3	9
इराक	935	1430	1599	2761	1264
जॉर्डन	2386	2487	1187	3137	2192
कुवैत	10158	71432	48212	39862	47087
लेबनान	54	282	200	130	36
मलेशिया	36	12836	15319	5606	3059
ओमान	19453	31994	21336	24258	29158
कतर	49579	30871	30683	23785	21907
सऊदी अरब	32845	178623	200713	167598	136812
दक्षिण सूडान	1	1	0	0	73
सूडान	0	0	0	2	0
थाईलैंड	1	3	4	10	0
संयुक्त अरब अमीरात	10844	33233	71687	111308	200686
कुल योग	**132674**	**373427**	**398316**	**387067**	**449110**

*****